प्रज्वालितो ज्ञानमयः प्रदीपः

# श्रीमती नरसम्मा हिरैय्या शैक्षिक न्यास

स्थापना १९६३

# न्यास परिचय

# न्यास परिचय

श्रीमती नरसम्मा हिंरैय्या शैक्षिक न्यास यह एक पब्लिक ट्रस्ट क्ट १९५० के तहत पंजीकृत ट्रस्ट है । इस ट्रस्ट का उद्देश्य शैक्षिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक गतिविधि द्वारा समाज उत्थान का कार्य करना है । स्थानिक व्यावसायिक मन्नेवार की कुटुंब प्रमुख स्वर्गवासी श्रीमती नरसम्मा हिंरैया मन्नेवार इन्होंने ट्रस्ट को शहर के मध्यवर्ती स्थानमें १२ एकड़ की जमीन शैक्षिक कार्य हेतु दान की है। जिसके कारण आज का यह फलता-फूलता शैक्षिक संकुल संभव हो पायाइस न्यास का संचालन कुछ चुनिंदा सामाजिक तथा शैक्षिक कार्य में अनुभव तथा रुचि रखने वाले व्यक्तियों की कार्यकारी समिति करती है। न्यास के हर कार्य में राष्ट्रीय विचार, तथा भारत का स्वाभिमान का समाज में बढे यह मूल तत्व रहता है। न्यास के शैक्षिक कार्य की शुरुवात एक बालक मंदिर के साथ हुई और आज न्यास प्राथमिक शिशु शिक्षा से लेकर अनुसंधान केंद्र तक प्रगती पथ पर मार्गस्थ है। न्यास आयकर विभाग के ८०G तथा सीएसआर नियम २०१४ अंतर्गत पंजीकृत है ।

हमारी प्रेरणा स्थान एवं मुख्य दानदाता

श्रीमती नरसम्मा हिंरैय्या मन्नेवार

## विकास समय रेखा

- **1984** ध्रुव बालक मंदिर
- **1995** श्री संत गाडगे बाबा अमरावती विद्यापीठ संलग्नित कला, वाणिज्य तथा विज्ञान महाविद्यालय.
- **2002** सरस्वती विद्या मंदिर (कक्षा १ से ४)
- **2004** कनिष्ठ महाविद्यालय और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेस की शुरुआत
- **2005** नरसम्मा स्पोर्ट्स क्लब कि शुरवात
- **2012** श्री राम पंचायत और मंदिर का नरसम्मा परिसर में निर्माण
- **2021** सरस्वती शिशु वाटिका
- **2022** श्री गजानन राव रहाटगांवकर स्मृति सभागृह का निर्माण शुरु
- **2024** १०५ किलोवॉट सोलर रुफटॉप

## संस्थापक विश्वस्त

- स्व. रावबहादूर खरे
- स्व. श्रीमती नरसम्मा मन्नेवार
- प्रा. चंद्रशेखर शास्त्री
- स्व. गजानन शंकरराव रहाटगांवकर
- स्व. रघुनाथ विष्णू गुर्जर
- ॲड. काशीनाथ चांदवास्कर

## पूर्व अध्यक्ष

- स्व. रावबहादूर खरे
- स्व. डॉ. पांडुरंगराव आळशी
- स्व. वासुदेवराव उर्फ बापूसाहेब भोंदू
- स्व. दादारावजी भडके

## पूर्व सचिव

- प्रा. चंद्रशेखर शास्त्री
- श्री. सुरेश उर्फ नानासाहेब चिमणपुरे
- स्व. श्री. बाळाभाऊ रा. तेलंग
- श्री. रविंद्र गंगाधर खांडेकर
- स्व. श्री. रघुनाथ विष्णू गुर्जर

## विद्यमान संचालक मंडळ

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | : | चंद्रशेखर अ. भोंदू - हॉस्पिटॅलिटी व्यावसायिक, व्यंकटेश लॉन्स एवम् हॉटेल मानसरोवर |
| उपाध्यक्ष | : | रविंद्र गं. खांडेकर - सेवानिवृत्त प्राध्यापक तथा सामाजिक कार्यकर्ता |
| सचिव | : | राम म. महाजन - वास्तु निर्माण व्यवसाय, जोग महाजन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. |
| कोषाध्यक्ष | : | सी.ए. श्यामसुंदर राठी - संचालक, राठी करियर फोरम प्रा. लि. |
| विश्वस्त | : | गोविंद पांडे - सेवानिवृत्त स्टेट बँक अधिकारी |
| | | सुनील वा. सरोदे - व्यवसायी, सरोदे ऑप्टीकल्स |
| | | सौ. अनितताई व्यवहारे - संगीत शिक्षिका तथा शिशू शिक्षण अभ्यासक |
| | | डॉ. कुंजनताई वेद - व्यवसायी, श्री वल्लभ गॅसेस एवम् संचालिका, मधुरम स्कूल |
| | | सुनिल न. पाठक - संचालक, डॉटकॉम इन्फोटेक प्रा. लि. एवम् सिग्निफाय टेक्नॉलॉजीस् |
| | | श्रीकांत काळीकर - सेवानिवृत्त प्राध्यापक, शासकीय तंत्रनिकेतन |

## उद्देश्य

हमारा उद्देश्य भारतीय राष्ट्रीय मूल्यों में निहित समग्र विकास को बढावा देना और छात्रों को तेजी से बदलती दुनिया के लिए तैयार करना है । हम ऐसी स्तर की शिक्षा प्रदान करते हैं जो शाश्वत, पर्यावरण पूरक एवम् सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देती है और सक्रिय जीवन के लिए सामुदायिक केंद्र के रूप में काम करती है ।

## दृष्टि

हमारा दृष्टिकोण एक सांस्कृतिक प्रकाशस्तंभ बनना है । हम शैक्षणिक उत्कृष्टता, नैतिक अखंडता और पर्यावरणीय प्रबंधन के लिए प्रयास करते हैं, जिसका लक्ष्य जीवन को समृद्ध बनाना, दिमाग को सशक्त बनाना और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना है ।

## संस्था के मूल्य

- समग्र विकास
- पर्यावरण तथा प्रकृती संरक्षण
- सांस्कृतिक अखंडता
- शैक्षिक उत्कृष्टता
- समावेशिता
- सामुदायिक संवर्धन तथा स्वत्व का जागरण

# न्यास की मौजूदा परियोजनाएं

## श्रीराम पंचायतन मंदिर

स्व. श्रीमती नरसम्माजी के इच्छानुसार हमार शैक्षिक परिसर में सुंदर श्रीराम पंचायतन मंदिर बनाया गया है, जिससे हमें और शैक्षिक परिसर में सभी को धर्म, कर्तव्य और मर्यादा पालन की अद्वितीय प्रेरणा मिलती है। उनके जीवन से हम सीखते हैं कि सत्य और नैतिकता के मार्ग पर चलना ही सच्चा धर्म हैं।

## पूर्व प्राथमिक शिक्षा

**धृव बालक मंदिर -**

धृव बालक मंदिर यह न्यास द्वारा संचालित एक स्वयं अर्थ सहाय्य प्रकल्प है। इसमें परिसर के नन्हे बालक अपने जीवन की प्रारंभिक शिक्षा की नींव मजबूत करते हैं। मातृभाषा के माध्यम से खेल-खेल में तथा पारंपारिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा यहाँ दी जाती है।

**शिशुवाटिका -**

शिशुवाटिका यह विद्याभारती संगठन द्वारा निर्धारित संकल्पना पर संचालित शाला है, जिसमें ३ से ५ वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को शिक्षा दी जाती है। यह शाला पंचकोशीय विकास (शारीरिक, प्राण, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक) और १२ व्यवस्थाओं के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देती है।

## प्राथमिक शिक्षा

**सरस्वती विद्यामंदिर -**

यह एक अनुदानित विद्यालय है, जो कक्षा १ से ४ तक की प्राथमिक शिक्षा प्रदान करता है । इस विद्यालय में पाठ्यपुस्तकों के शिक्षण के अलावा नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी सिखाया जाता है । खेल, कला, संगीत और नृत्य जैसे गतिविधियाँ हमारे शैक्षणिक कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान देती हैं ।

## श्रीमती नरसम्मा कला, वाणिज्य व विज्ञान महाविद्यालय

श्रीमती नरसम्मा कला, वाणिज्य एवम् वाणिज्य महाविद्यालय संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय से कायम संलग्नित है और नॅक बी-ग्रेड मानांकित है जिसमें करीबन १५०० छात्र पढ़ते है ।

### उपलब्ध पाठ्यक्रम

- **कला**
  - कनिष्ठ महाविद्यालय कक्षा ११ और १२
  - बी.ए.
  - एम.ए. अर्थशास्त्र, राज्यशास्त्र
- **विज्ञान**
  - कनिष्ठ महाविद्यालय कक्षा ११ और १२ (संगणकशास्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल)
  - बी.एस्सी.
  - एम.एस्सी. (संगणकशास्त्र, पर्यावरणशास्त्र, रसायनशास्त्र, औद्योगिक रसायनशास्त्र, गणित)
- **वाणिज्य**
  - कनिष्ठ महाविद्यालय कक्षा ११ और १२
  - बी. कॉम. अंग्रेजी माध्यम

**अनुसंधान केंद्र-**

महाविद्यालय के अंतर्गत अनुसंधान केंद्र और परीक्षण प्रयोगशाला भी हैं, जो छात्रों और संशोधकोंको अनुसंधान और परीक्षणा की सुविधाएँ प्रदान करती हैं ।

**अल्पावधि के कौशल्य प्रशिक्षण अभ्यासक्रम -**

न्यास ने अपने महाविद्यालय के माध्यम सें अल्पावधी के कौशल्य प्रशिक्षण अभ्यासक्रम शुरू किये है जिसका उद्देश रोजगारभिमूख युवक तयार करना, करिअर विकास और व्यावसायिकता को बढावा देना है । इस अभ्यासक्रम तहत उद्यमिता विकास पर जोर दिया जाता है ।

# शैक्षिक परिसर की विशेषताएँ

नरसम्मा शैक्षिक परिसर १० एकड के विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है । जिसमें करीबन २७००० वर्ग फिट का शैक्षिक वास्तु उपलब्ध है, जहाँ वर्तमान में १५०० छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं । परिसर में एक व्यापक खेल परिसर है जिसमें क्रिकेट मैदान, सॉफ्टबॉल मैदान और एथलेटिक ट्रैक शामिक हैं । यह खेल सुविधाएँ शाला, महाविद्यालय के विद्यार्थी एवम् स्थानिक युवाओं के लिए उपलब्ध है ।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबध्दता को दर्शाते हुए गेल इंडिया लिमिटेड ने हमारी संस्था में ८० किलोवॅट का रूफ टॉप सोलर प्लांट और ३० सोलर स्ट्रीट लाईटस् की सामाजिक उत्तरदायित्व निती के तहत दान दिये है । इसके अतिरिक्त, हम एक प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाए रखने और कागज के पुनरूपयोग की दिशा में भी सक्रिय रूप से प्रयास कर रहे हैं । इन सभी पहलुओं के माध्यम से, नरसम्मा शैक्षिक परिसर न केवल एक उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण प्रदान करता है, बल्कि एक शाश्वत और हरित भविष्य के लिए भी प्रतिबद्ध है ।

गेल
GAIL

**GAIL (India) LTD**

**80 किलो वैट सोलर सिस्टिम के दाता**

# न्यास की गतिविधीयाँ

**बाल संस्कार शिविर -**

न्यास द्वारा हर साल बाल संस्कार शिविर आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य परिसर के बच्चों को संस्कारीत करना और उनके नैतिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करना है।

**चैत्र नवरात्र एवं रामनवमी उत्सव -**

चैत्र नवरात्र तथा रामनवी का आयोजन संस्था द्वारा संचालित राम पंचायत मंदिर के माध्यम से किया जाता है, नवरात्र महोत्सव में परिसर के नागरिकों और विद्यार्थियों को शामिल किया जाता है। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है , जिसमें सभी को धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों की शिक्षा मिलती है।

**संस्था वर्धापन दिवस -**

न्यास द्वारा हरसाल २६ सितंबर को वर्धापन दिन मनाया जाता है। वर्धापन दिन का औचित्य साधते हुए अलग अलग सामाजिक जागृती के कार्यक्रम किये जाते है।

**पत्रकार संवाद -**

न्यास द्वारा पत्रकार संवाद का कार्यक्रम किया गया है। जिसमें न्यास की गतिविधियों, समाज में शिक्षण संस्था की भूमिका , वर्तमान विद्यार्थी स्थिती तथा उनकी अपेक्षाएँ, स्किल शिक्षण का महत्व, नई शिक्षा नीती और नई शिक्षा नीती में समाज तथा पत्रकार जगत का योगदान ऐसे विषय पर विचार किया गया।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला -**

नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें शहर और जिले के शैक्षिक संस्थाओं के सभी संचालक सहभागी हुए। कार्यशाला में नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहुलओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें नीति के संभावित बदलाव और उनके प्रभाव को समझाया गया।

**व्यावसायिक संगठनों की कार्यशाला -**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर शहर के व्यावसायिक संगठनों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न संगठनों की भूमिका, दायित्व और सहभागिता पर चर्चा की गई। विशेष रूप से, विद्यार्थियों को अनुभव प्रदान करने, इंटर्नशिप अवसर देने, और उनकी व्यवसायिक प्रवृत्ती में वृद्धि के तरीकों पर चर्चा कि गयी।

**महानुभावों के पदस्पर्श -**

पूर्व सरसंघचालक प.पू. स्व. रज्जू भैय्या, वर्तमान सरसंघचालक प.पू. मोहनजी भागवत, प.पू. जितेंद्रनाथ महाराज, प.पू. शंकराचार्य (केदारनाथ), मा. नरेंद्रजी ठाकुर, मा. धनंजयशास्त्री जोशी.

# प्रगतिरत परियोजनाएं

**स्व. गजाननराव रहाटगांव स्मृती सभागृह -**

न्यास के प्रथम विश्वस्त स्व. गजाननराव रहाटगांवकर इनके स्मृति प्रित्यर्थ परिसर में ५०० कुर्सी की क्षमता वाला वातानुकूलित तथा सोलर एनर्जी के संचालित सभागृह बनाया जा रहा है। जिसका कार्य मार्च-२०२५ तक पूरा हो जाने की संभावना है। यह सभागृह न्यास द्वारा संचालित सभी संस्थाओं के शैक्षणिक कार्य में सहाय्यक होगा।

इस सभागृह में नीचे दिए हुए प्रकल्प भी संचालित होंगे -

- भारतीय ज्ञान अभ्यासिका (IKS)
- लोक वाचनालय
- स्पर्धा परीक्षा अभ्यासिका
- कला तथा सांस्कृतिक दालन

प्रस्तावित सभागृह

# प्रस्तावित परियोजनाएं

**मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने वाला CBSE विद्यालय -**

न्यास द्वारा अ.भा. विद्याभारती संस्थान (विदर्भ) के मार्गदर्शन में मराठी माध्यम विद्यालय शुरू करने का मनोदय न्यास का है । इस विद्यालय के लिए संस्था ने तिन एकड की जमीन आवंटित की है तथा प्रस्तावित विद्यालय का वास्तू रेखाचित्र तथा मास्टर प्लान तैय्यार है । शासनद्वारा अनुमती मिलते ही इस विद्यालय की इमारत का निर्माण शुरू हो जायेगा ।

यह विद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीती के आयाम को सपर्पित रहेगा और संपूर्णत: विद्याभारती द्वारा अधोरेखित शैक्षिक संकल्पनाओंपर कार्य करेगा । इस विद्यालय में भारतीय दर्शन के साथ प्रगत तंत्रज्ञान जैसे स्पेस, एआई, रोबोटिक, बायोटेक्नॉलॉजी जैसे प्रगत तंत्रज्ञान को भी समाविष्ट किया जाऐगा । भारतीय शिक्षा दर्शन विकास, संस्कृती बोध और मूल भारतीय संकल्पनोओं पर आधारीत शिक्षा प्रणाली यह इस विद्यालय की विशेषता होगी ।

इस विद्यालय को यथावकाश सीबीएसई बोर्ड को संलग्नित किया जायेगा ।



मा विद्या या विमुक्तये
विद्या भारती

**खेलकूद व्यवस्थाएँ निर्माण करना -**

न्यास द्वारा संचालित 'नरसम्मा स्पोर्टस् क्लब' के माध्यम से अलग-अलग खेलकूद व्यवस्थाएं निर्माण करने का प्रयास जारी है, जिसमें -

- इनडोर स्टेडियम
- रनिंग ट्रॅक तथा एथलीट ग्राऊंड
- सोलर पावर पर चलने वाले स्टेडियम लाईटस्

आदि प्रयास सम्मिलित है ।

# श्रीमती नरसम्मा हिरैय्या शैक्षिक न्यास

प्रज्वालितो ज्ञानमयः प्रदीपः

## आधिकारीक जानकारी

| | | |
|---|---|---|
| Bank Account | : | 922020047627001 |
| Bank Name | : | Axis Bank Ltd.Branch -Dastur Nagar, Amravati<br>IFSC code - UTIB0004073 |
| Trust Auditor | : | S.S. Khandekar & Co.Auditors |
| Address | : | Opp. Rajapeth Police Station, Badnera Road, Amravati |
| Address Of Trust | : | Shree Ram Panchayata Parisar, Kiran Nagar, Amravati |
| Trust 80 G No. | : | AAMTS6387CF20211 |
| Pan Card No. | : | AAMTS6387C |
| 12A certificate | : | AAMTS6387CE2021401 |
| CSR certificate | : | CSR00023454, 28-02-2022 |

## * संपर्क *


कार्यालय : ९५९५०९४४१२

सचिव श्री.राम महाजन : ९४२२९१५९२८

nhstamt@gmail.com

www.nhst.in

नरसम्मा शैक्षिक परिसर, किरण नगर, अमरावती - ४४४६०६


Scan For Google Map Location

प्रज्वालितो ज्ञानमयः प्रदीपः